प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज करौली में चुनाव रैली को संबोधित करेंगे–कांग्रेस नेता राहुल गांधी अनूपगढ और फलौदी में जनसभा करेंगे।
- मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश में सतरंगी सप्ताह का आयोजन–आज दूसरे दिन इंडिगो थीम पर श्रमिकों के लिए होंगे विभिन्न कार्यक्रम।
- ईद–उल–फित्र आज –प्रदेशभर की मस्जिदों में सामूहिक नमाज का आयोजन।
- राज्य में गणगौर का त्यौहार पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

00000

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार ने तेजी पकड ली है। विभिन्न राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं के लगातार दौरे हो रहे है। इसी कडी में आज प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी करौली में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव रैली को संबोधित करेंगे। दोपहर बाद होने वाली इस रैली को विजय शंखनाद सभा नाम दिया गया है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी आज दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पहली जन सभा अनूपगढ में होगी, जबकि दूसरी सभा फलोदी में आयोजित होगी। दोनों दलों के कई अन्य वरिष्ठ नेता भी चुनाव प्रचार करेंगे।

00000

प्रदेश में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सतरंगी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत रोजाना अलग–अलग रंगों की थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सप्ताह के दूसरे दिन आज अंगुली पर निशान, राष्ट्र के नाम थीम पर श्रमिकों को मतदान के लिए प्ररित किया जायेगा। आज की थीम का रंग इंडिगो है। बैंड वादन के साथ श्रमिकों को मतदान की प्रतिज्ञा भी दिलवाई जायेगी। इससे पहले कल पहले दिन प्रदेशभर में हम भी नाचेंगे गाएंगे, वोट डाल कर आएंगे' थीम पर लोक नृत्यों और लोक अभिव्यक्ति के माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। श्री गुप्ता ने बताया कि पहले चरण के लिए मतदाता पर्ची और मतदाता मार्गदर्शिका वितरण 14 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर 14 अप्रैल को विशेष अभियान चलाया जायेगा। अभियान के तहत मतदान केन्द्रों पर संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। साथ ही घर–घर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदाता पर्ची और मार्गदर्शिका दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले चरण के मतदान वाले 12 लोकसभा क्षेत्रों के सभी 24 हजार 370 मतदान केन्द्रों पर 'आओ बूथ चलें अभियान' के तहत मतदान पर्ची और वोटर गाइड का वितरण भी किया जा रहा है।

00000

प्रदेश में पहले चरण में होने वाले चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कडी में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कल जयपुर के राजस्थान कॉलेज में ईवीएम और वीवीपैट की कमीशनिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और प्रभारी अधिकारियों को ईवीएम और वीवीपैट की कमीशनिंग की प्रकिया को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। श्री गुप्ता ने इंजिनियरों को ईवीएम मशीनों की मैपिंग, सीलिंग और सिक्वेंसिंग और सिंबल लोडिंग प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से मतदान की प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी ली और प्रक्रिया के दौरान आने वाली तकनीकी समस्या के निराकरण के लिए भी निर्देश दिए।

00000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है।

00000

देशभर में आज ईद–उल–फित्र का पर्व अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा है कि यह त्योहार प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ईद–उल–फित्र हमें करुणा, उदारता और एकता के मूल्यों की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में सभी में करुणा, एकता और शांति की भावना पैदा करने की कामना की। ईद–उल–फित्र के मौके पर प्रदेश की सभी मस्जिदों को विशेष रूप से सजाया गया है। नमाज़ी सामूहिक नमाज अदा कर रहे है। कल शाम से ही बाजारों में रौनक देखी जा रही है। लोग जमकर खरीदारी कर रहे है। पाली में मस्तान बाबा की दरगाह पर विशेष सजावट की गई है। भीलवाडा में कल शाम चांद दिखने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगकर बधाई दी। बीकानेर जिले में ईद–उल–फित्र का पर्व पारम्परिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। मस्जिदों में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा की और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

00000

प्रदेश में गणगौर का त्यौहार पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाएं पारम्परिक परिधानों में ईसर यानि शिव और गणगौर यानि पार्वती की पूरी धार्मिक भावना से पूजा अर्चना करती है। जैसलमेर दुर्ग के महरावल महल में शाम को गणगौर की पूजा की जायेगी। पाली में पांच दिन पहले गुडले की स्थापना के साथ गणगौर की पूजा शुरू हुई थी जो आज सम्पन्न हो जायेगी। महिलाओं ने कल शाम ईसर और पार्वती का स्वांग रचकर पूजा की। बाडमेर में घुडला नृत्य के आयोजन हो रहे है। करौली जिले के सूरोठ में मेले का आयोजन किया गया है। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले में आस–पास के क्षेत्रों के लोग पहुंच रहे है। सवाईमाधोपुर में गणगौर की शाही सवारी निकाली जायेगी। इधर राजधानी जयपुर में पूरे लवाजमे के साथ शाम को निकाली जाने वाली गणगौर की सवारी को देखने के लिए बडी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी पहुंचे है।

00000

दो दिन यानी आज और कल निकाली जाने वाली गणगौर की सवारी को देखते हुए शहर में यातायात की भी विशेष व्यवस्था की गई है। सिटी पैलेस की तरफ जाने वाले ट्रेफिक को डायवर्ट किया गया है।

00000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि महात्मा फुले महान समाज सुधारक और सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए मानव कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

00000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से विभिन्न स्थानों पर मौसम में बदलाव आया है। कल दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हुई। धौलपुर जिले के राजाखेड़ा और नादोली गांव में बारिश के साथ ओले गिरने के भी समाचार है। राजधानी जयपुर और जोधपुर में धूल भरी हवा चली तथा कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। मौसम में आये इस बदलाव से तेज गर्मी से राहत मिली है तथा तापमान में गिरावट दर्ज की गई हैं।

00000